प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का हीटवेव प्रबंधन तथा मौसमी बीमारियों को लेकर आज उच्च स्तरीय बैठक करने का कार्यक्रम है। बैठक में राज्य स्तर के साथ ही जोनल स्तर के अधिकारी हीटवेव प्रबंधन तथा मौसमी बीमारियों के संबंध में की गई तैयारियों और गतिविधियों की जानकारी देंगे। श्री खींवसर कल चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। इस बीच विभिन्न जिलों में प्रशासन तापघात और लू से बचाव के लिये किये जा रहे इंतजामों की लगातार निगरानी कर रहा है। इसी कड़ी में चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने आज जयपुर के जयपुरिया अस्पताल पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हीटवेव के लिये की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। श्रीमती सिंह ने अधिकारियों को हीटवेव के दौरान मरीजों की उचित देखभाल और सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उधर जैसलमेर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बासनपीर जूनी गांव में कल रात्रि चौपाल कर ग्रामीणों की पानी और बिजली से जुडी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भरतपुर जिला कलेक्टर अमित यादव ने जनाना अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों के लिए कूलर और पंखों की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चूरू में जगह–जगह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से प्याऊ लगाई गई हैं। झालावाड़ के झालरापाटन में नगर पालिका की ओर से सड़को पर पानी का छिडकाव किया जा रहा है। सांचौर के रानीवाडा में भामाशाहों के सहयोग से सड़कों पर पानी छिडका जा रहा है।

....

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। दिन के साथ–साथ रात में भी लू जैसे हालात बने हुए है। दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों में फलौदी में सबसे अधिक 49 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। बाडमेर में 49, बीकानेर में 48 दशमलव 6, जैसलमेर में 48 दशमलव 5, सीकर के फतेहपुर में 48 दशमलव 4 और संगरिया में 48 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर, चूरू, पिलानी और कोटा में तापमान 47 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा। राजधानी जयपुर में पारा 45 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और आज तथा कल तेज गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है। 29 मई से पूर्वी राजस्थान और 30 मई से पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

....

विधानसभा अधिकारियों को विधायी कार्यों में अपडेट करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से राज्य विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर दो दिन का ये प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। श्री देवनानी ने बताया कि सोलहवीं विधानसभा की शुरूआत में विधानसभा के नियमों, विनियमों की जानकारी देने के वास्ते विधायकगणों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। अब अधिकारियों को विधायी कार्यों में अपडेट करने के लिए विषय विशेषज्ञों से रू–ब–रू कराया जा रहा है। श्री देवनानी ने बताया कि विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों की कार्य क्षमता बढाने और आधुनिक सूचना तकनीक से कार्य करने के लिए ये कार्यक्रम रखा गया है।

....

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से पंडित नेहरू को श्रद्धाजंलि दी। प्रदेश में इस अवसर पर कई कार्यक्रमों के माध्यम से पंडित नेहरू को याद किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम रखा गया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित विभिन्न नेताओं ने श्री नेहरू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। श्री गहलोत ने अपने संदेश में कहा कि श्री नेहरू का देश निर्माण में योगदान, समर्पण और राष्ट्रप्रेम सभी के लिए प्रेरणा पुंज है।

सवाईमाधोपुर के सिविललाईन्स स्थित कांग्रेस कार्यालय में पंडित नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। शाहपुरा में भी श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया।

....

प्रदेश के विकास में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने आगामी परिवर्तित बजट 2024–25 के लिए नागरिकों और संगठनों से सुझाव आमंत्रित किये है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने सुझाव वित्त विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर 15 जून तक दर्ज करा सकते हैं।

....